निदेशालय
आई0सी0डी0एस0 उत्तराखण्ड
(महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग)
सुद्धौवाला, निकट नन्दा की चौकी, चकराता रोड़ देहरादून।
दूरभाष एवं फैक्स ua- 0135-2775813, 14 ई मेल dir.icds.ua@gmail.com

पत्रांक C–273 /कॉल सेन्टर/2013-14 दिनांक 17 अप्रैल, 2013

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी
बाल विकास उत्तराखण्ड।

विषयः– कुपोषित बच्चों के दैनिक फालो–अप हेतु निदेशालय में कॉल सैन्टर की स्थापना।

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आँगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों तथा केन्द्र के माध्यम से संचालित सेवाओं के प्रभावी अनुश्रवण के उद्देश्य से निदेशालय स्तर पर एक कॉल सेन्टर की स्थापना की गई है।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को इस सम्बन्ध में अवगत करा दिया जाए कि निदेशालय स्तर से उनसे सीधे दूरभाष से सम्पर्क कर उक्त योजना का अनुश्रवण किया जाएगा। निदेशालय से कार्यालय समय में दूरभाष पर सम्पर्क करने पर उन्हें केन्द्र से सम्बन्धित जानकारी सीधे उपलब्ध करानी अनिवार्य होगी। जिसके लिए वह अपने अभिलेख हर समय अद्यतन रखें।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि सभी आँगनबाड़ी कार्यकर्तियों एवं मुख्य सेविकाओं बाल विकास परियोजना अधिकारियों मोबाईल नम्बर तथा परियोजना कार्यालय के अद्यतन दूरभाष नम्बर तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह भी देखने में आया है कि जिन आँगनबाड़ी कार्यकर्तियों के दूरभाष नम्बर निदेशालय में उपलब्ध कराये गये हैं उनमें से कतिपय नम्बर पर सम्पर्क नहीं हो सका है या वह नम्बर किसी अन्य व्यक्ति का था। कई कार्यकर्तियों द्वारा फोन अटेण्ड नहीं किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं, आँगनबाडी कार्यकतियों मिनी कार्यकर्तियों तथा सहायिकाओं को उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए निर्देशित किया जाय, ताकि योजना का प्रभावी संचालन हो सके।

(सी0एस0 नपलच्याल)
निदेशक